St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar (2nd term) **Class**: 4 **Date**:27.07.2020

Topic- अनुच्छेद लेखन **Answer worksheet -6**

'रक्षाबंधन का त्योहार' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो:-

<u>संकेत बिंदु</u>

- भारत त्योहारों का देश
- त्योहार मनाने का समय
- भाई - बहन के प्रेम का प्रतीक
- त्योहार मनाने का ढंग
- ऐतिहासिक घटना

'<u>रक्षाबंधन का त्योहार</u>'

भारत त्योहारों का देश है | यहाँ हर साल कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है |सभी त्योहार हमारे जीवन में उत्साह और खुशियाँ लाते हैं |

यह त्योहार हर साल सावन महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है |यह अधिकतर अगस्त के महीने में आता है |यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है |इस दिन बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधती है और भाई उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं |इसलिए इसे रक्षाबंधन कहते हैं |

रक्षाबंधन से कई दिन पहले बाज़ार में दुकानें रंग-बिरंगी राखियों से सज जाती हैं |बहनें भाई के लिए राखी खरीदती हैं |वे मिठाई खिलाती हैं और भाई को राखी बाँधती हैं |भाई रक्षा के वचन के साथ - साथ बहनों को उपहार व रुपये भी देते हैं |

इस त्योहार के साथ एक ऐतिहासिक घटना भी है |चित्तौड़ की रक्षा के लिए रानी कर्मवती ने बादशाह हुमायूँ को राखी भेजी थी |हुमायूँ ने भी रानी की राखी का मान रखा था और चित्तौड़ की रक्षा की थी | हम सब यह त्योहार धूमधाम से मनाते हैं |

Poonam Mehra